# १SHASKIYA MAHAPRABHU VALLABHACHARYA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, MAHASAMUND (C.G.) 493445


Accredited With Grade "C" by NAAC

Registered Under Section 2f & 12 (B) of UGC Act, AISHE Code C-21676

Affiliated to Pt. RavishankarShukla University, Raipur (C.G.)



Website -http://mvpgcollege.org , Email -pgcollege.mahasamund@gmail.com, Phone- (07723) 299100


## SVEEP Program

### Cycle Rally








शांत्रीबाई कालेज से शुरू हुई रैली में तीन रंग गुब्बारे रहे आकर्षण का केंद्र

**छात्राओं ने साइकिल रैली निकालकर दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश**

**शहर के विभिन्न स्कूल-कॉलेज की 800 छात्राएं हुई शामिल**

महासमुंद । नईदुनिया न्यूज

स्वीप प्लान के तहत मंगलवार को स्कूल-कॉलेज की छात्राओं ने गुब्बारे से सुसज्जित साइकिल रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके चटर्जी की उपस्थिति में शांत्रीबाई कॉलेज से विद्यार्थियों को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी डॉ. मालती तिवारी, स्वीप सचिव रेखराज शर्मा, विधानसभा नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा, प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर उपस्थित थी।

साइकिल रैली शांत्रीबाई कॉलेज से प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, नेहरू चौक, रेलवे स्टेशन रोड, पिटियाझर, मंडी चौक, वेडनर स्कूल, आश्रम काम्पलेक्स से होते हुए लोहिया चौक में समाप्त हुई। जगह-जगह चौक चौराहे पर मतदान नारा लगाते हुए छात्राओं की साइकिल रैली तीन रंग के गुब्बारे के साथ आकर्षण का केंद्र रहा।

रैली में शासकीय पीजी कॉलेज, माता कर्मा कॉलेज, इंडियन कॉलेज, शांत्रीबाई कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज, जय हिंद कॉलेज, छत्तीसगढ़ी स्कूल, आदर्श स्कूल, कन्या उमावि की 800 छात्राएं सम्मिलित हुईं। लोहिया चौक में छात्राओं को प्राचार्य डॉ. एसके चटर्जी ने संबोधित किया। शत-प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए हम सब का प्रयास हो। इस अवसर पर स्वीप प्लान की जिला नोडल अधिकारी व सचिव ने भी संबोधित किया। एक नवंबर को सामुहिक संकल्प में सभी सम्मिलित होंगे। महाविद्यालय से राजेश्वरी सोनी, सरस्वती सेठ, डॉ. सरस्वती वर्मा, डॉ. मंजू शर्मा, सीमा रानी प्रधान, परवीन करीम, चितेश्वरी साहू, विनोद सिंगौड, हाई स्कूल से कार्यक्रम अधिकारी झुलपे, सरिता तिवारी, श्वेतलाना नागल, संतोष साहू, टेकराम सेन, कैम्पस एंबेसडर लक्ष्मण सिन्हा, वैशाली ठाकुर, दुर्गेश साहू, प्रकाशमणि, शीतल साहू, ईश्वरी साहू, मोनिका पटेल, कुलेश्वर साहू, गणेश साहू, रोशन गजेंद्र, रुक्मणी, भारती सहित अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

शहर मे साइकिल रैली में शामिल छात्राएं ।

साइकिल रैली मे शामिल शिक्षक ।

# SHASKIYA MAHAPRABHU VALLABHACHARYA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, MAHASAMUND (C.G.) 493445


**Accredited With Grade "C" by NAAC**

Registered Under Section 2f & 12 (B) of UGC Act, AISHE Code C-21676

Affiliated to Pt. RavishankarShukla University, Raipur (C.G.)

Website -http://mvpgcollege.org , Email -pgcollege.mahasamund@gmail.com, Phone- (07723) 299100







पीजी कॉलेज कॉलेज स्टॉफ ने किया हस्ताक्षर, किया नवाचार कार्यक्रम

## मतदाताओं को जागरूक करने विद्यार्थियों ने हाथों में लगाई मेंहदी

**महासमुंद । नईदुनिया न्यूज**

स्वीप कार्य योजना के तहत जिला नोडल अधिकारी डॉ. मालती तिवारी के मार्गदर्शन में स्वीप जागरुकता के लिए नवाचार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शनिवार को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा नवीन मतदाताओं का एपिक कार्ड बन चुका है, जो आगामी विधानसभा में मतदान करेंगे। उनको शत-प्रतिशत मतदान करने माता-पिता सहपाठियों आस-पड़ोस को जागरुक करने हथेलियों में मेहंदी लगाया गया।

20 नवंबर को मतदान दिवस पर मतदान करने का आह्वान किया। नवीन मतदाताओं को प्रेरित किया गया। हाथों में 20 नवंबर लिखा हुआ आकर्षक ढंग से सुसज्जित गोल शृंखला बनाकर प्रस्तुत किया गया। 20 नवंबर को याद रखें, आपका वोट आप की ताकत, वोट मूल्यवान है, नवीन मतदाताओं को यह संदेश दिया गया। लोगों में अक्सर विचार होता है कि हमारे एक वोट से क्या हो जाएगा। क्या फर्क पड़ेगा बात को लोगों को समझना है। एक वोट की सार्थकता बताते हुए आगे देवारी अब, वोट की बारी चलो संगवारी, 20 नवम्बर को बारी-बारी गीत गाया गया। साथ ही हस्ताक्षर अभियान के तहत महाविद्यालय



मेहंदी लगाकर गोल शृंखला बनाए विद्यार्थी। फोटो :नई



हस्ताक्षर करते कॉलेज स्टॉफ। फोटो: नईदुनिया

प्राचार्य डॉ. एसके चटर्जी, डॉ.
ठाकुर, डॉ. रीता पांडे, दुर्गावती भा
सीमा रानी प्रधान, राजेश्वरी सो
हस्ताक्षर करवाया गया। इस अ
पर विस नोडल अधिकारी अजय
राजा, कैम्पस एंबेसेडर आइकॉन ल
सिन्हा, वैशाली ठाकुर, मोनिका,
पटेल, दुर्गेश पटेल, गुंजा, नो
प्रकाशमणि, ईश्वरी ध्रुव, शीतल
सहित नवीन युवा मतदाता राष्ट्रीय
योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# २SHASKIYA MAHAPRABHU VALLABHACHARYA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, MAHASAMUND (C.G.) 493445

**Accredited With Grade "C" by NAAC**


Registered Under Section 2f & 12 (B) of UGC Act, AISHE Code C-21676

Affiliated to Pt. RavishankarShukla University, Raipur (C.G.)

Website -http://mvpgcollege.org , Email -pgcollege.mahasamund@gmail.com, Phone- (07723) 299100





## रगोली प्रतियोगिता में संजना साहू प्रथम

**कॉलेज विद्यार्थियों ने कहा वोट दे बर जाबो**

**महासमुंद। नईदुनिया न्यूज**

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में नगरीय निर्वाचन में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन चार दिसंबर को किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

नारा लेखन प्रतियोगिता में कुमारी गुंजा साहू बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और बिल्किस बानो ने द्वितीय तथा सूर्यकांत यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी पुष्पा निषाद बीएससी प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भास्कर साहू द्वितीय एवं मीनाक्षी ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी संजना साहू बीकॉम प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान चांदनी भारती ने द्वितीय स्थान तथा प्रियंका धिवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में मुस्कान बागड़ी बीकॉम द्वितीय वर्ष विजई रही और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में लक्ष्मण सिन्हा एवं समूह ने प्रस्तुति देकर विजय प्राप्त की। सभी विजेता प्रतिभागियों को निर्णायक समूह डॉक्टर मालती तिवारी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला महासमुंद एवं डॉ रीता पांडे विभाग अध्यक्ष इतिहास ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कालेज विद्यार्थियों ने कहा कि- वोट देबर जाबो, मतदान ल बढ़ाबो।

इस कार्यक्रम में प्रोफेसर सी खलखो, प्रोफेसर सीमा रानी प्रधान, प्रोफेसर सरस्वती सेठ, परवीन करीम, प्राची गुप्ता, मधु वर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, यह कार्यक्रम सुरेंद्र मानिकपुरी, गोवर्धन प्रसाद साहू, गोपाल साहू एवं अजय कुमार राजा सहायक नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयों महिला इकाई ने किया।



रंगोली का अवलोकन करते डॉक्टर मालती तिवारी, रीता पांडे और स्टाफ। नईदुनिया

**अभियान** मतदाता जागरूकता मेला का आयोजन, हाईस्कूल मैदान में बनाई गई रंगोली, 600 विद्यार्थी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हुए शामिल

## 100 मीटर की परिधि में रंगोली बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**महासमुंद। नईदुनिया प्रतिनिधि**

स्थानीय हाईस्कूल मैदान में मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता मेला का आयोजन किया गया। मैदान में 100 मीटर की परिधि में रंगोली बनाई गई। रंगोली बनाने के लिए स्कूल, कॉलेज, समर्थ संस्थान, नेहरू युवा केंद्र और महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित 600 की संख्या में मतदातागण जुटे हुए थे।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. मलती तिवारी के अनुसार 30 मीटर की परिधि में स्वीप प्लान का मोनो बनाया गया था। बाद 38-38 बाक्स के तीन ब्लॉक बनाए गए थे। यह ब्लॉक 70 मीटर में बनाया गया था। कुल 114 ब्लॉक में मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाने पांच-पांच लोग लगे थे। रंगोली की बाहरी बाक्स आम नागरिकों के लिए था, जिसमें बहुत से नागरिकों ने हिस्सा लिया और मतदान को प्रेरित करने के लिए रंगोली बनाई। पूरी रंगोली तैयार होने के बाद रंगीन झालर लाइट बिछाई गई। सूर्यास्त के बाद जब झालर लाइट की रोशनी बिखरी तो मैदान का नयनाभिराम नजारा रहा। सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने के लिए आम नागरिक वर्ग से प्रथम स्थान कॉलेज रोड निवासी निर्मला साहू का रहा, जबकि द्वितीय स्थान पर मुस्कान भार्गव, पीजी कालेज की छात्रा रहीं। दोनों को मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर व सीईओ जनपद पंचायत आभा तिवारी ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया। मंचीय कार्यक्रम में कालेज विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के लिए गीत बजाकर नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्य में पहला स्थान शासकीय पीजी कालेज का रहा, दूसरा स्थान इंडियन कालेज का रहा। जबकि तीसरे स्थान पर माता कर्मा शासकीय महाविद्यालय की प्रस्तुति रही। इसके अलावा दिव्यांग रामकुमार साहू ने पुत्री खुशबू साहू के साथ एवं अमित हिशीकर ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कार्यक्रम का संचालन स्वीप कार्यक्रम के विधानसभा नोडल अधिकारी प्राध्यापक अजय ने किया एवं आभार-प्रदर्शन रे[illegible] शर्मा ने किया। इस दौरान स्वीप का[illegible] के तहत जिलेभर में आयोजित का[illegible] की फोटो प्रदर्शनी लगाई गई थी।



हाईस्कूल के मैदान में रंगोली बनाने के अभियान में युवकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फोटो : नईदुनिया



आकर्षक रंगोली बनाने के बाद सभी कलाकारों ने स्कूल मैदान का चक्कर लगाकर लोगों को किया जागरूक। फोटो : नई[illegible]

# SHASKIYA MAHAPRABHU VALLABHACHARYA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, MAHASAMUND (C.G.) 493445

**Accredited With Grade "C" by NAAC**

Registered Under Section 2f & 12 (B) of UGC Act, AISHE Code C-21676

Affiliated to Pt. RavishankarShukla University, Raipur (C.G.)

**Website -http://mvpgcollege.org , Email -pgcollege.mahasamund@gmail.com, Phone- (07723) 299100**











## शत-प्रतिशत मतदान के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर हिमशिखर गुप्ता के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें महासमुंद के महाविद्यालयों को अलग-अलग वार्ड में मतदान केंद्रों में कार्यक्रम चलाए जाने हेतु आबंटित कर निर्देशित किया गया है। इसी के अंतर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जिला नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन एवं विधानसभा नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने बरोंडा चौक से अभियान प्रारंभ किया। जिसमें दुकानदार, राहगीर, सब्जी वाले, मजदूरों से चौक-चौराहे लोगों से बड़ी संख्या में हस्ताक्षर करवाया गया। 20 नवंबर विधानसभा निर्वाचन मतदान केंद्र तक जाएं अपने परिवार को लेकर जाएं आस-पड़ोस को लेकर जाएं। जिससे जिले का शत- प्रतिशत मतदान के लिए आग्रह स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। बरोंडा चौक, मलेरिया ऑफिस, सिविल लाइन, गुडरुपारा, बस स्टैंड, संजय ढीढ़ी उद्यान में हस्ताक्षर अभियान चलाया। कार्यक्रम में आईकान एवं कैम्पस एम्बेसडर लक्ष्मण सिन्हा एवं वैशाली ठाकुर की मुख्य भूमिका रही।

# SHASKIYA MAHAPRABHU VALLABHACHARYA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, MAHASAMUND (C.G.) 493445

**Accredited With Grade "C" by NAAC**

Registered Under Section 2f & 12 (B) of UGC Act, AISHE Code C-21676
Affiliated to Pt. RavishankarShukla University, Raipur (C.G.)

**Website** -http://mvpgcollege.org , **Email** -pgcollege.mahasamund@gmail.com, **Phone**- (07723) 299100







# १SHASKIYA MAHAPRABHU VALLABHACHARYA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, MAHASAMUND (C.G.) 493445

**Accredited With Grade "C" by NAAC**

Registered Under Section 2f & 12 (B) of UGC Act, AISHE Code C-21676

Affiliated to Pt. RavishankarShukla University, Raipur (C.G.)

**Website -http://mvpgcollege.org , Email -pgcollege.mahasamund@gmail.com, Phone- (07723) 299100**



# SHASKIYA MAHAPRABHU VALLABHACHARYA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, MAHASAMUND (C.G.) 493445

**Accredited With Grade “C” by NAAC**

Registered Under Section 2f & 12 (B) of UGC Act, AISHE Code C-21676

Affiliated to Pt. RavishankarShukla University, Raipur (C.G.)

**Website** -http://mvpgcollege.org , **Email** -pgcollege.mahasamund@gmail.com, **Phone**- (07723) 299100




कौशिक कालोनी में मतदान नेवता का कार्ड वितरण की

## घर-घर जाकर मतदान नेवता कार्ड बांट रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी मार्गदर्शन में स्वीप के योजना अनुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आज शुक्रवार को शासकीय महाप्रभु स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के एनएसएस छात्राओं द्वारा मतदान नेवता कार्ड का वितरण किया गया। महासमुंद के कौशिक कॉलोनी में घर-घर जाकर मतदाताओ को मतदान नेवता का कार्ड दिया गया। साथ ही व्यापार के लिए निकले लोगो एवं व्यापारियों को भी मतदान नेवता दिया गया। /"ये काम नही फर्ज हमारा मतदान करना अधिकार है हमारा/" के नारे के साथ लोगो को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपील की गई। इस अवसर पर स्वीप सचिव रेखराज शर्मा, विधानसभा नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा सहित छात्र महाविद्यालय के आईकान एवं कैम्पस एम्बेसडर लक्ष्मण सिन्हा एवं वैशाली ठाकुर की मुख्य भूमिका रही। गणेश साहू, गजेंद्र पटेल, कुलेश्वर साहू, नोमेश देवांगन, प्रकाश मणि, ऋषभ राजपूत, सुरेश बरिहा, रोशन ध्रुव, टोमेश टोमान, प्रशांत पात्रे, वासु, भलेंद्र अजय, शीतल, चांदनी, कुंजन, वेदकुमारी, भारती, मुस्कान, वंदना, झरोखा उपस्थित रहीं।



## मतदान निमंत्रण कार्ड लेकर कौशिक कॉलोनी में घर-घर पहुंचे विद्यार्थी

एक परिवार की महिला का मतदान निमंत्रण कार्ड देते विद्यार्थी। फोटो : नईदुनिया

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर हिमशिखर गुप्ता के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी डॉ. मालती तिवारी के मार्गदर्शन में 26 अक्टूबर को शासकीय पीजी कॉलेज के एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने मतदान नेवता कार्ड तैयार किया। जिसे महासमुंद के कौशिक कॉलोनी में घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान नेवता का कार्ड दिया। साथ ही व्यापार

### लोगों को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

के लिए निकले लोगों एवं व्यापारियों को भी मतदान नेवता कार्ड दिया गया। ये काम नहीं फर्ज हमारा, मतदान करना अधिकार है हमारा के नारे के साथ लोगों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भिक होकर बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपील की गई। शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य है। इस अवसर पर स्वीप सचिव रेखराज शर्मा, विधानसभा नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा सहित छात्र महाविद्यालय के आईकान एवं कैम्पस एम्बेसडर लक्ष्मण सिन्हा एवं वैशाली ठाकुर की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर गणेश साहू, गजेंद्र पटेल, कुलेश्वर साहू, नोमेश देवांगन, प्रकाशमणि, ऋषभ राजपूत, सुरेश बरिहा, रोशन ध्रुव, टोमेश, टोमन, प्रशांत पात्रे, वाशु, भलेंद्र, अजय, शीतल, चांदनी, कुंजन, वेदकुमारी, भारती, मुस्कान, वंदना, झरोखा उपस्थित रही।



# SHASKIYA MAHAPRABHU VALLABHACHARYA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, MAHASAMUND (C.G.) 493445

Accredited With Grade "C" by NAAC

Registered Under Section 2f & 12 (B) of UGC Act, AISHE Code C-21676

Affiliated to Pt. RavishankarShukla University, Raipur (C.G.)

Website -http://mvpgcollege.org , Email -pgcollege.mahasamund@gmail.com, Phone- (07723) 299100




## स्थानीय निर्वाचन संबंधी प्रश्न मंच में पीजी कॉलेज प्रथम

**विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया**

नवभारत कार्यालय द्वारा | महासमुंद.
www.navbharat.org

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी महासमुन्द सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन में जाबो अर्थात जागव वोटर्स कार्यक्रम के तहत स्थानीय निर्वाचन 2019 संदर्भित कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नेहा कपूर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सीमा ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे. उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नेहा कपूर ने उपस्थित महाविद्यालय के विद्यार्थियों से स्थानीय निकाय निवर्चान के संदर्भ एवं प्रक्रियाओं पर चर्चा करते हुए जागरूक मतदाता बनने की बात कहते हुए प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त के विद्यार्थियों की प्रशंसा की.

डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सीमा ठाकुर ने स्थानीय निवर्चान में मतदान के प्रतिशत को कैसे बढ़ाए? पर बात रखते हुए शत -प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया. प्रारंभ में जाबो के नोडल रेखराज शर्मा ने जागव वोटर्स एवं स्थानीय निर्वाचन पर जानकारी प्रदान करते हुए निर्भिक और निष्पक्ष मतदान करने एवं अन्य मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रेरित करने पर जोर दिया.

कार्यक्रम में स्थानीय निर्वाचन पर जानकारी प्रदान करने एवं समझ बनाने के लिए महाविद्यालय स्तरीय स्थानीय निर्वाचन पर आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता • शेष पेज 2 पर








दैनिक भास्कर
25-Mar-2019
महासमुंद Page 6

**स्वीप अभियान** • राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित किया

## रैली निकाल कर बोले- वोट करें, कोई भी मतदाता छूटने न पाए

भास्कर न्यूज़ | महासमुंद

लोक सभा निर्वाचन 2019 में 100 प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत कोई मतदाता न छूटे थीम पर महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, इंडियन कॉलेज बेलसोंडा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा अजय कुमार राजा स्वीप नोडल अधिकारी विधानसभा महासमुंद के नेतृत्व में कॉलेज रोड तथा कलबपारा महासमुंद में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदान संबंधी जागरूकता के नारों के साथ वार्ड में भ्रमण किया गया। इसके बाद वार्ड 19 पंचशील नगर में आंगनबाड़ी केंद्र में बीएलओ सुधा रात्रे द्वारा ईएलसी की गतिविधियों की जानकारी विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रदान की गई, जिसमें वार्ड की महिलाओं तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

**ईवीएम तथा वीवी पैट मशीन का प्रदर्शन किया:** तहसीलदार भागीरथी खाण्डे के द्वारा ईवीएम तथा वीवी पैट मशीन का प्रदर्शन किया गया, जिसमें वार्ड की महिलाओं और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मॉक पोलिंग के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रिया को समझा। मॉक पोलिंग के पश्चात वार्ड की महिलाओं व महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के ईवीएम तथा वीवी पैट मशीन से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का तहसीलदार खाण्डे के द्वारा निराकरण किया गया। बीएलओ सुधा रात्रे के द्वारा नए मतदाताओं को मतदान से जोड़ने संबंधित प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों से अवगत कराया गया। उन्होंने सभी मतदाताओं को यह भी जानकारी प्रदान की कि लोकसभा निर्वाचन 2019 में मतदान के लिए मतदाता को कोई भी एक परिचय पत्र लाना अनिवार्य है।

स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया।

**महिलाओं को मतदान के लिए आह्वान किया**

अजय कुमार राजा स्वीप विधानसभा नोडल अधिकारी महासमुंद ने वार्ड की महिलाओं तथा पहली बार लोकसभा 2019 में मतदान में शामिल होने वाले नए मतदाता छात्र-छात्राओं को यह आह्वान किया कि स्वयं भी मतदान करें तथा परिवार के सभी सदस्यों, मित्रों तथा आस-पड़ोस के सभी लोगों को 18 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा में होने वाले निर्वाचन के दिन अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित करें ताकि कोई भी मतदाता ना छुटे।








**वृद्धजनों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था**

मतदान केंद्रों पर वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर आदि की व्यवस्था की गई थी। परिजन वृद्धजनों को लेकर मतदान केंद्र पहुंचते रहे। मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र में स्वतंत्रता सेनानी पंडित ज्वाला प्रसाद शर्मा 95 साल ने मताधिकार की प्रयोग किया। इसी तरह गुढियारी में 102 वर्ष की लाल कुंवर पटेल ने भी मतदान में हिस्सा लिया। हालांकि, यहां पर ईव्हीएम मशीन में खराबी के चलते घंटों उन्हें इंतजार करना पड़ा।


शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद


नकुल ढीढी
Swasth Bharat Yatra


KAMACHI
Swasth
Bharat
Yatra


Chaitanya
CRYSTAL


शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद
NCC
वरिष्ठ एन.सी.सी. कैडेट
आपका हार्दिक अभिनंदन करता है।
SHOT ON OPPO



रक्तदान - महादान
शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद
NCC
वरिष्ठ एन.सी.सी.कैडेट
आपका हार्दिक अभिनंदन करता है ।
SAMPLE COLLATION AREA


32वां
राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह


GPS Map Camera
Google
Mahasamund, Chhattisgarh, India
435W+PG4, Subash Nagar, Mahasamund, Chhattisgarh
493445, India
Lat 21.109146°
Long 82.096175°
01/12/22 08:25 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Mahasamund, Chhattisgarh, India
435W+PG4, Subash Nagar, Mahasamund,
Chhattisgarh 493445, India
Lat 21.109141°
Long 82.09612°
14/01/23 10:08 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Mahasamund, Chhattisgarh, India
435W+PG4, Subash Nagar, Mahasamund,
Chhattisgarh 493445, India
Lat 21.109141°
Long 82.09612°
14/01/23 10:10 AM GMT +05:30
Google



RAM VAN GAMAN
PARYATAN RATH YATRA & VIRAT


शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुन्द
एन.सी.सी. वरिष्ट इकाई
स्वच्छ भारत मिशन
"स्वच्छता ही सेवा"

## शिक्षा दान : मोहल्ला क्लास

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा प्राचार्य डॉ ज्योति पांडेय के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा के मार्गदर्शन में गोदग्राम मचेवा के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में जाकर विद्यार्थियों को खेल, गीत, कविता के माध्यम से उनको शिक्षा के महत्व को समझाया। पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया व स्कूली बच्चों को एक एक पौधा अपने घरों में लगाकर व उनका संरक्षण करने की शपथ दिलाई। स्वच्छता के महत्व को समझाते हुवे स्कूल परिसर व अपने घर के आस पास साफ-सफाई रखने की सीख दी । स्वयंसेवको के द्वारा स्कूली बच्चो को महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जी, सरदार पटेल, डॉ भीमराव अंबेडकर, ए पी जे अब्दुल कलाम आदि महापुरूषों के विचारों को बतलाकर भारत के प्रति उनके दृष्टिकोण से अवगत करा, अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया ।





कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा के मार्गदर्शन में कोरोना काल में बच्चों के पढ़ाई के नुकसान को देखते हुए स्वयं सेवक अपने-अपने ग्रामों/वार्डों में पढ़ाई तुंहर द्वार की तर्ज पर मोहल्ला क्लास लेकर बच्चों को पढ़ा रहे है। अभी वर्तमान समय में वैश्विक महामारी कोविड-19 की वजह से स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों के लिए बंद है, ऑनलाईन कक्षा चल रही है, कई अभिभावकों के पास लैपटाप/स्मार्टफोन नही होने के कारण बच्चे ऑनलाईन कक्षा में सम्मिलित नही हो पा रहें है। ऐसे बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए स्वयं सेवको के द्वारा घरों के आस-पास के बच्चों को मोहल्ला क्लास लगाकर अध्यापन कार्य कराया जा रहा है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मोहल्ला क्लास संचालित किया जा रहा है



दैनिक भास्कर

22-Sep-2020
महासमुंद Page 4

## कोरोना काल में बच्चों की पढ़ाई के नुकसान से बचाने स्वयंसेवक घरों में बच्चों को पढ़ा रहे



# गांवों में बच्चों का समूह बनाकर खेल के साथ शिक्षा दे रहे कॉलेज के स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद

## कोरोनाकाल में पढ़ाई तुहर द्वार अभियान के तहत बच्चों को पढ़ाने का लिया है संकल्प

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा राज्य रासेयो अधिकारी डॉ. समरेंद्र सिंह, कार्यक्रम समन्वयक रासेयो पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. नीता बाजपेयी, जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद डॉ. मालती तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. ज्योति पांडेय के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी के मार्गदर्शन में कोरोनाकाल में बच्चों की पढ़ाई के नुकसान को देखते हुए पढ़ाई तुहर द्वार अभियान के तहत अपने गांव व मोहल्ले के बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लिया है। इस वैश्विक महामारी कोरोनाकाल में संपूर्ण देश में स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद है, ऐसी स्थिति में बच्चों को अध्ययन व अध्यापन कार्य में जोड़े रखने के लिए स्वयंसेवक अपने-अपने गांव में अपने आसपास के घरों व मोहल्ले के बच्चों को उनके कक्षाओं से संबंधित विषयों का अध्यापन कार्य करा रहे हैं। वर्तमान समय में ऑनलाइन कक्षाएं चल रही है, लेकिन कई अभिभावकों के पास स्मार्टफोन नहीं होने के कारण उनके बच्चे ऑनलाइन कक्षाएं में सम्मिलित नहीं हो पाते तो ऐसे बच्चे शिक्षा से वंचित ना हो करके कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन से स्वयंसेवकों द्वारा पढ़ई तुहर द्वार अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों एवं अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर खेल के साथ शिक्षा दी जा रही है।





### अभिभावकों का भी मिल रहा सहयोग


अभिभावकों का अच्छा सहयोग मिलने के साथ ही प्रतिदिन बच्चे उत्साहपूर्वक पढ़ने आ रहे है। इस कार्यक्रम को स्वयंसेवकों द्वारा स्वास्थ्य एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षात्मक तरीके से शारीरिक दूरी, सैनिटाइजेशन तथा मास्क के उपयोग का विशेष ध्यान रख कर यह अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। इस अभियान में स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू द्वारा अपने गांव कुकराडीह में, प्रियांशु तिवारी द्वारा महासमुंद में, वर्षा सिन्हा द्वारा ग्राम [illegible] में, मोना साहू द्वारा ग्राम [illegible] में, रोहित ठाकुर द्वारा महासमुंद में, पुरुषोत्तम साहू द्वारा ग्राम खुटेरी में, भूमिका पटेल के द्वारा ग्राम बहू में 5 से 6 बच्चों का समूह बनाकर बच्चों को सक्रिय रूप से अध्यापन कार्य कराया जा रहा है।


ग्राम पंडरीखार


ग्राम खट्टा


ग्राम खुटेरी


ग्राम खल्लारी


गुडरू पारा, महासमुंद


ग्राम भलेसर

ग्राम सम्पर्क अभियान के तहत प्रत्येक दलों ने उनको आबंटित ग्राम के सरपंच, पंचों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, स्कूल शिक्षकों व ग्राम सेवक से सम्पर्क कर सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया व उनसे इस अभियान हेतु सहयोग करने की अपील की। आंगनबाड़ी का सर्वेक्षण कर बच्चो की उपस्थिति पंजी, साफ सफाई, पौष्टिक आहार, बच्चो को लगने वाले विभिन्न प्रकार के टीके, कुपोषित बच्चों, दिव्यांक बच्चो की जानकारी प्राप्त की गई। ग्राम सम्पर्क के दौरान प्रत्येक दल ने स्कूलों में स्वच्छता का निरीक्षण किया, शौचालय की व्यवस्था, हाथ धुलाने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था व मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था देखी। स्वंयसेवकों ने बाल मित्र बन स्कूली बच्चों के साथ खेल खेल में उन्हें प्राप्त अधिकारों व उनके संरक्षण, गुड़ टच बैड टच की जानकारी प्रदान की।






## ग्राम संपर्क अभियान के तहत विविध प्रतियोगिता आयोजित




## बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए पालकों को किया प्रेरित



राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद





## सिरपुर रोड की सुंदरता बढ़ाने के लिए छात्र-छात्राओं ने पेड़ों पर उकेरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति



पेड़ों पर सांस्कृतिक छवि उकेरते छात्र-छात्राएं।





## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने दिया सिरपुर मार्ग को आकर्षक स्वरूप



वृक्ष सज्जा में उकेरी छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति एवं इतिहास

अंग्रेजी और हिंदी सामान्य ज्ञान
अब हमारी वेबसाईट पर
dailychhattisgarh.com

छत्तीसगढ़

छपे हुए अखबार से और
अधिक सामग्री वेबसाईट पर
dailychhattisgarh.com

रायपुर, 16 मार्च 2022, बुधवार www.dailychhattisgarh.com डाक पंजीयन क्र. छग / रायपुर संभाग /40/2021-2023 वर्ष-15 अंक-25 पृष्ठ-12 दाम- 3 रुपये आरएनआई रजि. क्र. CHHHIN/2008/24127 फाल्गुन सुदी १३ सं. २०७८ ✱✱

# स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर बनाए 15 चबूतरे






शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की संगठन व्यवस्था में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय संयुक्त मेगा शिविर ग्राम मचेवा में महाविद्यालय के कन्या छात्रावास में आयोजित किया गया था। इस सात दिवसीय मेगा शिविर का संचालन जिला संगठक रासेयो एवं शिविर नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी व कार्यक्रम अधिकारी एवं शिविर प्रभारी अजय कुमार राजा के द्वारा किया गया। शिविर दिनचर्या के अनुसार प्रतिदिन तीन घंटे का परियोजना कार्य शिवरार्थियों के द्वारा किया गया। छह मार्च से 10 मार्च तक शिविर के परियोजना कार्य में 15 चबूतरा निर्माण, खुले जीम का समतलीकरण, शहीद स्मृति उद्यान एवं हर्बल गार्डन में क्यारी निर्माण, समतलीकरण, पौधों को व्यवस्थित करना, शिविर स्थल के बाहर साफसफाई, तीन सोखता गड्ढ़ो का निर्माण कार्य शिविरार्थियों व शिक्षकों के द्वारा धन व श्रम लगाकर किया गया।

इस परियोजना कार्य के लिए आवश्यक सामग्री हेतु महाविद्यालय प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने स्वजनों के स्मृति में राशि दान किए। जिसमे राजेश शर्मा कार्यालय प्रमुख द्वारा 10 हजार रुपये, डॉ रीता पांडे विभागाध्यक्ष द्वारा पांच हजार रुपये, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य के द्वारा पांच हजार रुपये, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक द्वारा पांच हजार, उद्यन भारती द्वारा, हितेश यादव द्वारा पांच पांच हजार, कुंदन देवांगन प्रयोगशाला तकनीशियन द्वारा तीन हजार की राशि दान दी गई।

यह परियोजना कार्य, कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी शासकीय पीजी कॉलेज महासमुंद, ओमप्रकाश मरावी शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी बी एड कालेज महासमुंद, चुम्मन लाल निषाद इंडियन कॉलेज महासमुंद, स्यूमा लिली दीवान एवं तरुण ध्रुव शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको, अंजली कहार गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल महासमुंद, गीतांजली यादव स्याम विद्यामंदिर महासमुंद के मार्गदर्शन एवं शिविर दल नायक प्रकाशमणि साहू, समूह दलनायकों व वरिष्ठ स्वयंसेवक दुर्गेश पटेल, टलेश साहू, कुलेश्वर साहू, मेघराज साहू, तरुण ध्रुव, सूरज प्रकाश वर्मा, कमलेश देवदास, रोहित ढीमर, गोपी सिन्हा, प्रियांशु तिवारी, ऋषभ राजपूत, दीपक के नेतृत्व में समस्त शिविरार्थियों के द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।